# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद

आशियाना फेस –1, निकट पानी की टंकी, मुरादाबाद–244001
(0591) 3511043 ee11_upjn_mbd@yahoo.co.in


पत्रांक 1 / कैम्प मुरादाबाद    दिनांक 14/4/2026

सेवा में

जिलाधिकारी,
मुरादाबाद।

विषय – **दैनिक समाचार पत्र में अमर उजाला में दिनांक 14.04.2026 को प्रकाशित खबर शीर्षक ''योजना अधूरी... इस गर्मी भी साफ पानी की आस नहीं होगी पूरी' के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला में दिनांक 14.04.2026 को प्रकाशित खबर शीर्षक ''''योजना अधूरी... इस गर्मी भी साफ पानी की आस नहीं होगी पूरी'' ग्रामीण क्षेत्र में जल जीवन मिशन भी नहीं दे सका सुकून, कहीं ओवरहेड टैंक अधूरे तो कहीं पाइपलाइन का काम, कुछ जगह लाइन में लीकेज की समस्या की अनुपालन आख्या निम्नानुसार है।

| क्र0स0 | प्रकाशित खबर | अनुपालन आख्या |
|---|---|---|
| 1 | मुरादाबाद। गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। साफ पानी हर घर की जरूरत हैं लेकिन जल जीवन मिशन के करोड़ों के काम जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मुकाम तक नहीं पहुंच सके। कहीं ओवरहेड टैंक अधूरे हैं तो कहीं पाइपलाइन का काम। कुछ जगह बिछने के फौरन बाद ही पाइप लाइन जवाब दे गई।<br>कुछ जगह सप्लाई शुरू करते ही पाइप लाइन लीकेज की समस्या उठ खड़ी हुई। इन स्थितियों के बीच जिम्मेदारी तय करके कार्रवाई करने के स्थान पर खामोशी से जलापूर्ति रोक दी गई। ग्रामीण तरह–तरह की शिकायतें रखने के साथ कह रहे हैं कि अफसरों के ध्यान न देने से इस गर्मी में भी पानी के लिए जूझना तय है। | जल जीवन मिशन भारत सरकार की एक अत्यन्त महत्वपूर्ण योजना है, योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के समस्त घरों को ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं से क्रियाशील गृह संयोजन (एफ0एच0टी0सी0) द्वारा क्लोरीनयुक्त शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाना है, इस कार्य हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ के द्वारा जल जीवन मिशन (फेस–2 एवं 3) के अन्तर्गत जनपद मुरादाबाद के ग्रामीण क्षेत्रों में भूजल आधारित पाइप पेयजल योजनाओ के निर्माण एवं 10 वर्षो तक संचालन एवं रख–रखाव हेतु मै0 एल0सी0 इन्फ्रा को अनुबन्ध सं0 68/ई0डी0/20 20–21 के अन्तर्गत एवं मै0 एन0के0जी0 प्राइमस (जे0वी0), नई दिल्ली को अनुबन्ध सं0 11/ई0डी0/फेस–3/2021–22 के अन्तर्गत सूचीबद्ध किया गया है। जल जीवन मिशन फेस–2 एवं फेस–3 के अन्तर्गत स्वीकृत 603 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं में प्रस्तावित कार्यो के सापेक्ष 589 नग नलकूप बोरिंग कार्य पूर्ण, 4154 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य पूर्ण, 398 नग पम्प हाउस के कार्य पूर्ण, 170 नग उच्च जलाशय के कार्य पूर्ण, 227/53 नग सोलर सिस्टम अधिष्ठापन/विद्युत संयोजन के कार्य पूर्ण एवं 303831 नग पेयजल गृह सयोजन के कार्य पूर्ण किये जा चुके है। ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं में वितरण प्रणाली बिछाने हेतु डिस्मेंटल की गयी सड़को के सापेक्ष 80 प्रतिशत सड़को को पूर्व की भांति पुर्नस्थापित एवं शेष सड़कों को मोटरेबल करा दिया गया है।<br>वर्तमान में 251 नग राजस्व ग्रामों में उच्च जलाशय/डायरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से निरन्तर शुद्ध पेयजल आपूर्ति की जा रही है, शेष ग्रामों में पेयजल योजनाओं के कार्य धनाभाव के कारण अत्यन्त धीमी गति से कराये जा रहे है, धनावंटन उपरान्त फर्मो द्वारा योजनाओं के समस्त कार्यो को त्वरित गति से पूर्ण कराते हुये पेयजल आपूर्ति सुचारू करा दी जायेगी।<br>उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि जेजेएम फेस–3 के अन्तर्गत कार्यरत फर्म मै0 एन0के0जी0 प्राइसम द्वारा कराये जा रहे कार्यो की प्रगति नगण्य है, जिस हेतु इस खण्ड के पत्रांक 1565/एन0के0जी0/93 दिनांक 04.10.2024 तथा जिलाधिकारी महोदय के पत्रांक 1845/एन0के0जी0/89 दिनांक 22.08.2025 एवं पत्रांक 1846 /एन0के0जी0/90 दिनांक 22.08.2025 द्वारा फर्म को चेतावनी/नोटिस दिये गये है। जिलाधिकारी महोदय मुरादाबाद द्वारा अपने पत्रांक 1714 /एन0के0जी0/93 दिनांक 24.10.2024, पत्रांक 2009/एन0के0जी0 /198 दिनांक 16.12.2024 एवं **पत्रांक 2949/जेजेएम/163 दिनांक 24.12.2025** द्वारा फर्म के विरूद्ध अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ से अनुरोध किया गया है। |

| | | |
|---|---|---|
| | **सहसपुर में पाइप लाइन बिछे तब पहुंचे घरों तक पानी** बिलारी के रुस्तमनगर सहसपुर गांव में जल जीवन मिशन के तहत पांच करोड़ खर्च करके बने ओवरहेड टैंक का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा। पाइप लाइन बिछाने का काम अधूरा होने से इस टैंक से पानी की आपूर्ति घरों तक नहीं पहुंच सकी। सहसपुर निवासी मोहम्मद वसीम ने बताया कि टैंक का निर्माण लगभग एक साल पहले पूरा हो चुका है लेकिन अब भी इससे साफ पानी मिलने का इंतजार है। मोहम्मद सलीम अंसारी के अनुसार अभी 25 प्रतिशत हिस्से में पाइप लाइन नहीं बिछ पाई है। विमल, कल्लू, सुरजा, पूजा ने कहा कि पानी की नई टंकी बनने के बाद भी स्वच्छ पानी लाने के लिए इधर-उधर जाना पड़ता है। जल निगम बिलारी के अवर अभियंता मुकेश सैनी ने बताया कि टेस्टिंग का काम चल रहा है। सहसपुर के कुछ ग्रामीण कनेक्शन लेने में सहयोग नहीं कर रहे हैं। जल्द स्थिति सुधार ली जाएगी। | प्रकाशित खबर में उल्लेखित ग्राम रूस्तमनगर सहसपुर की यथास्थिति निम्नानुसार है। **रूस्तम नगर सहसपुर** ग्रामीण पाइप पेयजल योजना जल जीवन मिशन फेस-2 के अन्तर्गत पुर्नगठन हेतु चयनित है तथा योजना के कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा आंवटित फर्म मै0 एल0सी0 इन्फ्रा द्वारा कराये जा रहे है। जिसके अन्तर्गत योजना को 2 जोनो में विभाजित किया गया है। **जोन-1** के अन्तर्गत पम्प हाउस, बाउण्ड्री वॉल, सोलर सिस्टम अधिष्ठापन, उच्च जलाशय, पाइप लाइन एवं पेयजल गृह संयोजन इत्यादि कार्य पूर्ण कर, **पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करा दी** गयी है। **जोन-2** में पम्प हाउस, बाउण्ड्री वॉल, सोलर सिस्टम अधिष्ठापन, उच्च जलाशय, पाइप लाइन व पेयजल गृह संयोजन के कार्य पूर्ण है तथा योजनान्तर्गत पाइप लाइन टैस्टिंग के कार्य प्रगति पर है। जिनके पूर्ण होने के उपरान्त फर्म द्वारा योजना से पेयजल आपूर्ति सुचारू करा दी जायेगी। |
| 2 | **गुजरे चार साल, बैजनाथपुर का वही हाल** ठाकुरद्वारा। ग्राम पंचायत बैजनाथपुर में हर घर जल योजना का काम शुरू हुए चार साल से ज्यादा का वक्त हो गया। डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक का बजट निर्धारित था। चार साल बाद भी लोगों का घरों में साफ पानी आने का सपना पूरा नहीं हो सका। ग्रामीणों ने बताया कि पाइपलाइन बिछाकर गांव के 170 घरों में कनेक्शन दे दिए लेकिन ओवरहेड टैंक से पानी की आपूर्ति नहीं हो सकी। सीधे नलकूप से पानी की आपूर्ति करते हैं तो सभी घरों तक पानी नहीं पहुंचता। नलकूप के आसपास के घरों में अधिकतम 10 मिनट पानी सप्लाई का औसत है। बिजली का कनेक्शन न होने से नलकूप को सोलर पैनल से चलाया जाता है। ओवरहेड टैंक के आसपास उपले नजर आते हैं। गांव निवासी मुकेश कुमार एडवोकेट ने बताया कि उनके घर आज तक पानी नहीं आया। हेमेंद्र सिंह एडवोकेट ने खोदाई के बाद रास्ते की मरम्मत न होने का दर्द बयां किया। घरों में पानी न आने की समस्या भी बताई। ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि घर में कनेक्शन लेने के बाद भी पानी नहीं आता। ग्राम प्रधान महेश सिंह का कहना है कि नलकूप से सीधे पानी देने के नाम पर खानापूरी की जा रही है, जिसका पूरे गांव को लाभ नहीं मिलता। अधिकारियों से शिकायत का भी कोई असर नहीं हुआ। पाइप लाइन के लिए खोदी सड़क भी ठीक नहीं की गई है। जल निगम के सुपरवाइजर मनोज यादव ने कहा कि बैजनाथपुर में जल जीवन मिशन का काम पूरा हो चुका है। अभी नलकूप से सीधे पानी दे रहे हैं। शीघ्र टैंक से सप्लाई शुरू कराई जाएगी। | **प्रकाशित खबर में उल्लेखित ग्राम बैजनाथपुर की यथास्थिति निम्नानुसार है।** **बैजनाथपुर ग्रामीण पाईप पेयजल योजना** फेस-2 के अन्तर्गत चयनित है। योजना के कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा आंवटित फर्म मै0 एल0सी0 इन्फ्रा द्वारा कराये जा रहे है। योजनान्तर्गत वितरण प्रणाली बिछाने, पेयजल गृह संयोजन, पम्प हाउस, सोलर सिस्टम अधिष्ठापन इत्यादि के कार्य पूर्ण है तथा उच्च जलाशय के कार्य 85 प्रतिशत पूर्ण है। योजनान्तर्गत पाइप लाइन बिछाने हेतु डिस्मेंटल की गयी **सड़को के पुर्नस्थापना के कार्य** पूर्ण करा दिये गये है। उक्त योजना में डायरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से **पेयजल आपूर्ति की जा** रही है। योजना के शेष कार्य प्रगति पर है, जिनके पूर्ण होने के पश्चात योजना से नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति की जायेगी। |
| 3 | **कासमपुर में ओवरहेड टैंक तैयार पर पानी का इंतजार** कांठ। गांव कासमपुर में जल जीवन मिशन के तहत ओवरहेड टैंक तैयार हुए छह महीने से ज्यादा बीत गए लेकिन पूरे गांव में पाइप लाइन अभी नहीं बिछ सकी है। लिहाजा लोगों को साफ पानी का इंतजार बरकरार है। गांव निवासी रामकुमार सिंह ने बताया कि पाइप लाइन बिछे हिस्से में एक-दो बार पानी छोड़ा तो लीकेज होने लगी। मुन्ने ने कहा कि बेटे मोहम्मद इमरान ने कनेक्शन ले रखा है लेकिन पानी अब तक नहीं मिला। शमशाद अली ने भी यही बात दोहराई। कहा कि टेस्टिंग में ही पाइप लाइन लीकेज शुरू होने के बाद किसी की जिम्मेदारी भी तय नहीं की गई। ग्राम सचिव उर्वशी सिंह ने लाइन में जगह-जगह लीकेज की बात स्वीकार की। कहा कि जिम्मेदारों को समस्या बताई जा चुकी है। | **प्रकाशित खबर में उल्लेखित ग्राम कासमपुर की यथास्थिति निम्नानुसार है।** **ग्राम कासमपुर ग्रामीण पाईप पेयजल** योजना फेस-2 के अन्तर्गत चयनित है। योजना में पम्प हाउस, बाउण्ड्री वॉल, उच्च जलाशय पाइप लाइन इत्यादि के कार्य लगभग पूर्ण है, योजनान्तर्गत डायरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से **पेयजल आपूर्ति की** जा रही थी, परन्तु वर्तमान में उच्च जलाशय के इन्टरकनेक्शन के कार्य प्रगति पर होने के कारण योजना में अस्थाई रूप से पेयजल आपूर्ति बाधित है, शीघ्र ही फर्म द्वारा उच्च जलाशय के इन्टरकनेक्शन का कार्य पूर्ण कराकर योजना से नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति पुनः सुचारू करा दी जायेगी। |
| 4 | **मझरा बांहपुर में ओवरहेड टैंक अधूरा, हैंडपंप भी नहीं** | प्रकाशित खबर में उल्लेखित ग्राम बाहपुर की यथास्थिति निम्नानुसार है। बाहपुर ग्रामीण पाइप पेयजल योजना जल जीवन मिशन फेस-3 के |

| | | |
|---|---|---|
| | कुंदरकी। ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत मिलक बांहपुर के मझरा बांहपुर में दो साल पहले घर–घर साफ पानी पहुंचाने के लिए काम शुरू हुआ था लेकिन जलापूर्ति अब तक शुरू नहीं हो सकी है। ओवरहेड टैंक का निर्माण अधूरा है। गांव निवासी 1 ईश्वरी सिंह ने बताया कि पाइप लाइन बिछाने के बाद रास्ते दुरुस्त न कराने से समस्या आ रही है। पानी मिला नहीं, रास्तों की हालत और बिगड़ गई। ओमप्रकाश ने कहा कि अभी तक ओवरहेड टैंक तैयार नहीं हुआ। लिहाजा पानी नहीं मिल सका। नदीम पाशा के अनुसार मझरे में कोई भी इंडिया मार्का हैंडपंप नहीं हैं। इससे पानी के लिए और जूझना पड़ता है। | अन्तर्गत चयनित है। योजना के कार्य एस0डब्ल्यू0एस0एम0 द्वारा अनुबन्धित फर्म मै0 एन0के0जी0 प्राइमस द्वारा कराये जा रहे है। योजना अन्तर्गत ग्राम में प्रस्तावित कार्यो के सापेक्ष पम्प हाउस, बाउण्ड्री वॉल, पाइप लाइन बिछाने के कार्य, पेयजल गृह संयोजन, **सड़क पुर्नस्थापना के कार्य पूर्ण** एवं उच्च जलाशय के कार्य 40 प्रतिशत पूर्ण है। वर्तमान में धनाभाव के कारण योजना के कार्य बाधित है, धनावंटन उपरान्त फर्म द्वारा योजना के शेष कार्य पूर्ण करा दिये जायेगें।<br>उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि हैण्डपम्प अधिष्ठापन एवं तत्सम्बन्धित इस खण्ड द्वारा सम्पादित नहीं कराये जाते है। |
| 5 | **पाइप लाइन लीक, नहीं आता पानी**<br>मूढ़ापांडे। ग्राम पंचायत **भीतखेडा** में जल जीवन मिशन के तहत बनी टंकी एक साल से शोपीस बनी है। गांव के निवासी अफसर अली, आरिफ, मोहम्मद इकवाल, रियासत अली ने बताया कि पाइप लाइन बिछाई गई थी लेकिन सप्लाई शुरू नहीं की। दुर्गा सिंह, रुकन सिंह ने पाइप लाइन लीकेज की समस्या बताई। छत्रपाल ने कहा कि जिन घरों में पानी आता है, वहां प्रेशर बहुत कम है। मझरा **मिलक मनकरा** में भी एक साल के काम के बाद घरों में साफ पानी का इंतजार है। यहां रहने वाले रामौतार ने कम प्रेशर की समस्या बताई। भूकन लाल सैनी के मुताबिक घर तक पाइप लाइन न बिछाने की शिकायत रखी। वेदराम और प्रेम सिंह का कहना है कि पाइप लाइन टूटने से दो महीने से घरों में गंदा पानी आ रहा है। | **प्रकाशित खबर में उल्लेखित ग्रामो की यथास्थिति निम्नानुसार है।**<br>**भीतखेड़ा ग्रामीण पाइप पेयजल योजना** जल जीवन मिशन फेस–2 के अन्तर्गत चयनित है तथा योजना के कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा अनुबन्धित फर्म मै0 एल0सी0 इन्फ्रा द्वारा कराये जा रहे है। योजना के समस्त कार्य पूर्ण कर योजना से मानकानुसार पेयजल आपूर्ति की जा रही है, योजना में पाइप लाइन **लीकेज से सम्बन्धित कोई समस्या नहीं** है। **ग्राम के मजरा मुढिया में पी0डब्ल्यू0डी0** विभाग द्वारा सड़क निर्माण के दौरान पाइप लाइन क्षतिग्रस्त कर दी गयी है एवं **क्षतिग्रस्त** पाइप लाइन को पुनः जोडने हेतु पी0डब्ल्यू0डी0 विभाग से **अनुमति न मिलने** के कारण मजरा मुढिया में **पेयजल आपूर्ति बाधित** है।<br>**मनकरा ग्रामीण पाइप पेयजल योजना** जल जीवन मिशन फेस–2 के अन्तर्गत चयनित है तथा योजना के कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा आंवटित फर्म मै0 एल0सी0 इन्फ्रा द्वारा कराये जा रहे है। योजना के अधिकांश कार्य पूर्ण कर योजना से मानकानुसार पेयजल आपूर्ति की जा रही है। मनकरा मिलक में **मुख्य सड़क** के दोनो ओर **पी0डब्ल्यू0डी0 विभाग** द्वारा नाले का **निर्माण कार्य** कराया गया था, नाला निर्माण के दौरान पाइप लाइन **क्षतिग्रस्त** हो गयी थी, जिसके कारण मनकरा मिलक में कुछ समय के लिये **पेयजल आपूर्ति बाधित** थी, वर्तमान में फर्म द्वारा क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को सही कराकर **पेयजल आपूर्ति सुचारू** करा दी गयी है। |
| 6 | पाकबड़ा। ग्राम पंचायत समाथल में वर्ष 2022 में लगभग 353.98 लाख की लागत से पानी की टंकी बनाई गई लेकिन घरों तक पानी नहीं पहुँचा। ग्रामीणों का कहना है कि गांग में पाइप लाइन बिछाने का कार्य भी काफी समय पहले पूरा हो चुका है लेकिन पानी का इंतजार है। ग्रामीण चंद्रसेन, रमेश, करन सिंह और लकी ने बताया कि टंकी बनने के बाद न तो पानी सप्लाई क लिए टेस्टिंग की गई और घरों तक पानी पहुंचाने पर ध्यान दिया गया। लोगों को आज भी पेयजल के लिए हैंडपंप और अन्य साधनों निर्भर रहना पड़ता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द घर–घर पानी की सुविधा की मांग की। | **प्रकाशित खबर में उल्लेखित ग्राम समाथल की यथास्थिति निम्नानुसार है।**<br>**ग्राम समाथल जल जीवन मिशन फेस–3** के अन्तर्गत चयनित है तथा योजना के कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा आंवटित फर्म मै0 एन0के0जी0 प्राइमस द्वारा कराये जा रहे है। योजना के अन्तर्गत बाउण्ड्री वॉल, पम्प हाउस के कार्य पूर्ण तथा उच्च जलाशय के कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण एवं वितरण प्रणाली बिछाने के कार्य 85 प्रतिशत पूर्ण है। योजना सोलर आधारित है। वर्तमान में धनाभाव के कारण योजना के कार्य बाधित है, धनावंटन उपरान्त फर्म द्वारा योजना के शेष कार्य पूर्ण करा दिये जायेगें। |

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार :–

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित।**

1. मुख्य अभियन्ता महोदय (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. मुख्य अभियन्ता महोदय (मुरा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदया, मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
5. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, मुरादाबाद को सूचनार्थ प्रेषित।
6. समस्त सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अग्रिम आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।
7. प्रोजेक्ट हेड/निदेशक, एल0सी0 इन्फ्रा0 प्रोजेक्ट प्रा0लि0, मकान नं0–10/66 सेक्टर–10 फेस–2 एम0जी0आर0 रेस्टोरेंट के पास आवास विकास, बुद्धी विहार मुरादाबाद को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अग्रिम आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।
8. प्रोजेक्ट मेनेजर, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मकान नं0 7बी/63 बुद्धि विहार फेस–2 सेंट मैरी स्कूल के पास, दिल्ली रोड, मुरादाबाद को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अग्रिम आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

| | | |
|---|---|---|
| | कुंदरकी। ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत मिलक बांहपुर के मझरा बांहपुर में दो साल पहले घर–घर साफ पानी पहुंचाने के लिए काम शुरू हुआ था लेकिन जलापूर्ति अब तक शुरू नहीं हो सकी है। ओवरहेड टैंक का निर्माण अधूरा है। गांव निवासी 1 ईश्वरी सिंह ने बताया कि पाइप लाइन बिछाने के बाद रास्ते दुरुस्त न कराने से समस्या आ रही है। पानी मिला नहीं, रास्तों की हालत और बिगड़ गई। ओमप्रकाश ने कहा कि अभी तक ओवरहेड टैंक तैयार नहीं हुआ। लिहाजा पानी नहीं मिल सका। नदीम पाशा के अनुसार मझरे में कोई भी इंडिया मार्का हैंडपंप नहीं है। इससे पानी के लिए और जूझना पड़ता है। | अन्तर्गत चयनित है। योजना के कार्य एस0डब्ल्यू0एस0एम0 द्वारा अनुबन्धित फर्म मै0 एन0के0जी0 प्राइमस द्वारा कराये जा रहे है। योजना अन्तर्गत ग्राम में प्रस्तावित कार्यो के सापेक्ष पम्प हाउस, बाउण्ड्री वॉल, पाइप लाइन बिछाने के कार्य, पेयजल गृह संयोजन, **सड़क पुर्नस्थापना के कार्य पूर्ण** एवं उच्च जलाशय के कार्य 40 प्रतिशत पूर्ण है। वर्तमान में धनाभाव के कारण योजना के कार्य बाधित है, धनावंटन उपरान्त फर्म द्वारा योजना के शेष कार्य पूर्ण करा दिये जायेगें।<br>उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि हैण्डपम्प अधिष्ठापन एवं तत्सम्बन्धित इस खण्ड द्वारा सम्पादित नहीं कराये जाते है। |
| 5 | **पाइप लाइन लीक, नहीं आता पानी**<br>मूढ़ापांडे। ग्राम पंचायत **भीतखेडा** में जल जीवन मिशन के तहत बनी टंकी एक साल से शोपीस बनी है। गांव के निवासी अफसर अली, आरिफ, मोहम्मद इकवाल, रियासत अली ने बताया कि पाइप लाइन बिछाई गई थी लेकिन सप्लाई शुरू नहीं की। दुर्गा सिंह, रुकम सिंह ने पाइप लाइन लीकेज की समस्या बताई। छत्रपाल ने कहा कि जिन घरों में पानी आता है, वहां प्रेशर बहुत कम है। मझरा **मिलक मनकरा** में भी एक साल के काम के बाद घरों में साफ पानी का इंतजार है। यहां रहने वाले रामौतार ने कम प्रेशर की समस्या बताई। भूकन लाल सैनी के मुताबिक घर तक पाइप लाइन न बिछाने की शिकायत रखी। वेदराम और प्रेम सिंह का कहना है कि पाइप लाइन टूटने से दो महीने से घरों में गंदा पानी आ रहा है। | **प्रकाशित खबर में उल्लेखित ग्रामो की यथास्थिति निम्नानुसार है।**<br>**भीतखेड़ा ग्रामीण पाइप पेयजल योजना** जल जीवन मिशन फेस–2 के अन्तर्गत चयनित है तथा योजना के कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा अनुबन्धित फर्म मै0 एल0सी0 इन्फ्रा द्वारा कराये जा रहे है। योजना के समस्त कार्य पूर्ण कर योजना से मानकानुसार पेयजल आपूर्ति की जा रही है, योजना में पाइप लाइन **लीकेज से सम्बन्धित कोई समस्या नहीं है। ग्राम के मजरा मुडिया में पी0डब्ल्यू0डी0** विभाग द्वारा सड़क निर्माण के दौरान पाइप लाइन क्षतिग्रस्त कर दी गयी है एवं **क्षतिग्रस्त** पाइप लाइन को पुनः जोडने हेतु पी0डब्ल्य0डी0 विभाग से **अनुमति न मिलने** के कारण मजरा मुडिया में पेयजल आपूर्ति बाधित है।<br>**मनकरा ग्रामीण पाइप पेयजल योजना** जल जीवन मिशन फेस–2 के अन्तर्गत चयनित है तथा योजना के कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा आंवटित फर्म मै0 एल0सी0 इन्फ्रा द्वारा कराये जा रहे है। योजना के अधिकांश कार्य पूर्ण कर योजना से मानकानुसार पेयजल आपूर्ति की जा रही है। मनकरा मिलक में **मुख्य सड़क** के दोनो ओर **पी0डब्ल्यू0डी0 विभाग** द्वारा नाले का **निर्माण कार्य** कराया गया था, नाला निर्माण के दौरान पाइप लाइन **क्षतिग्रस्त** हो गयी थी, जिसके कारण मनकरा मिलक में कुछ समय के लिये **पेयजल आपूर्ति बाधित** थी, वर्तमान में फर्म द्वारा क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को सही कराकर **पेयजल आपूर्ति सुचारू** करा दी गयी है। |
| 6 | पाकबड़ा। ग्राम पंचायत समाथल में वर्ष 2022 में लगभग 353.98 लाख की लागत से पानी की टंकी बनाई गई लेकिन घरों तक पानी नहीं पहुँचा। ग्रामीणों का कहना है कि गांग में पाइप लाइन बिछाने का कार्य भी काफी समय पहले पूरा हो चुका है लेकिन पानी का इंतजार है। ग्रामीण चंद्रसेन, रमेश, करन सिंह और लकी ने बताया कि टंकी बनने के बाद न तो पानी सप्लाई क लिए टेस्टिंग की गई और घरों तक पानी पहुंचाने पर ध्यान दिया गया। लोगों को आज भी पेयजल के लिए हैंडपंप और अन्य साधनों निर्भर रहना पड़ता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द घर–घर पानी की सुविधा की मांग की। | **प्रकाशित खबर में उल्लेखित ग्राम समाथल की यथास्थिति निम्नानुसार है।**<br>ग्राम समाथल जल जीवन मिशन फेस–3 के अन्तर्गत चयनित है तथा योजना के कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा आंवटित फर्म मै0 एन0के0जी0 प्राइमस द्वारा कराये जा रहे है। योजना के अन्तर्गत बाउण्ड्री वॉल, पम्प हाउस के कार्य पूर्ण तथा उच्च जलाशय के कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण एवं वितरण प्रणाली बिछाने के कार्य 85 प्रतिशत पूर्ण है। योजना सोलर आधारित है। वर्तमान में धनाभाव के कारण योजना के कार्य बाधित है, धनावंटन उपरान्त फर्म द्वारा योजना के शेष कार्य पूर्ण करा दिये जायेगें। |

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार :–**
**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित।**

1. मुख्य अभियन्ता महोदय (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. मुख्य अभियन्ता महोदय (मुरा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदया, मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
5. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, मुरादाबाद को सूचनार्थ प्रेषित।
6. समस्त सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अग्रिम आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।
7. प्रोजेक्ट हेड/निदेशक, एल0सी0 इन्फ्रा0 प्रोजेक्ट प्रा0लि0, मकान नं0–10/66 सेक्टर–10 फेस–2 एम0जी0आर0 रेस्टोरेंट के पास आवास विकास, बुद्धी विहार मुरादाबाद को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अग्रिम आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।
8. प्रोजेक्ट मेनेजर, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मकान नं0 7बी/63 बुद्धि विहार फेस–2 सेंट मैरी स्कूल के पास, दिल्ली रोड, मुरादाबाद को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अग्रिम आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

